ont>

Title: Regarding news items titled 'Muslim get midnight knocks'

श्री राशिद अलवी (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार और आपकी तवज्जह आज हिन्दुस्तान टाइम्स के पहले पेज पर छपी इस खबर की तरफ दिलाना चाहता हूं - "Pandya killing: Muslims get midnight knocks." यह खबर डिटेल में है जिसे पूरा पढ़ कर मैं हाउस का वक्त खराब नहीं करना चाहता। लेकिन अहमदाबाद के अंदर इतने भयानक कम्युनल रॉयट्स के बाद, हालात इतने खराब होने के बाद आज एक बार फिर इस मर्डर के नाम पर मुसलमान यंग लड़कों को गिरफ्तार करके 15-15 दिन जेल में रख कर टार्चर किया जा रहा है। उनमें खौफ-ओ-हैरास है। यह बात मैं नहीं कह रहा, यह हिन्दुस्तान टाइम्स कह रहा है। उनको पोटा का डर है, उन्हें फेक ऐनकाऊंटर्स का डर है। मैं सरकार की तवज्जह दिलाता हूं कि इस मामले के अंदर देखना चाहिए और स्टेट गवर्नमैंट को डायरैक्शन देनी चाहिए कि अगर इस तरह के हालात हिन्दुस्तान के अंदर होंगे तो हिन्दुस्तान के अंदर कम्युनलिज़्म बढ़ता चला जाएगा। आज हमारा देश इस स्थिति में नहीं है कि इस देश के अंदर कम्युनलिज़्म और कासटिज़्म हो। आज इस देश को मजबूत करने की जरूरत है। लेकिन छोटे-छोटे राजनैतिक फायदों के लिए अगर इस तरह के काम किए जाएंगे कि हिन्दू और मुसलमान की बात की जाएगी, 25-27 साल के मुसलमान लड़कों को गिरफ्तार किया जाएगा तो यह ठीक नहीं है।

एक बाप का बेटा पन्द्रह दिन तक जेल के अंदर रहा और उसके बाद उसको कहा गया कि जब तक आप दूसरे बेटे को नहीं देंगे तब तक इस बेटे को रिहा नहीं किया जाएगा। वह बूढ़ा आदमी दूसरे बेटे को लेकर जा रहा है। यह किस तरह की सरकार चल रही है, किस तरह से इंसाफ हो रहा है? पांड्या के पिता का स्टेटमैंट सफाई के साथ आया है। मैं उस स्टेटमैंट को दोहराना नहीं चाहता लेकिन वह भी बहुत रेलेवैंट स्टेटमैंट है जो उनके पिता ने दिया। मैं आपसे यही दरख्वास्त करूंगा कि केन्द्र सरकार इसमें इंटरवीन करे।

SHRI E. AHAMED : Mr. Speaker, Sir, this is a very serious matter. So, I request you to please ask the Government to make a statement on this issue. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I know that what he raised is a very serious matter.

...(*Interruptions*)

SHRI E. AHAMED : Sir, you may please direct the Government to make a statement on this issue. This is a very serious matter. ...(*Interruptions*)

श्री राशिद अलवी : अध्यक्ष महोदय, यह बात हिन्दुस्तान टाइम्स फ्रंट पेज पर छाप रहा है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Mr. Speaker, Sir, the CBI is seized of the case and they should be given a free hand to proceed in the case. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Ahamed, please cooperate with the Chair. Please take your seat now.

...(*Interruptions*)

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): Mr. Speaker, Sir, I would like to raise a very important national issue in this august House. The Union Minister without

Portfolio Shri Murasoli Maran is undergoing treatment in USA*

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Mr. Speaker, Sir, such things should not go on record.

MR. SPEAKER: I do not think this matter should be raised in the House. I will not be able to take this on record.

*(Interruptions) **

MR. SPEAKER: The Members are supposed not to raise such matters in the House.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, इसे ऐलाऊ नहीं करना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: That is why it has not been taken on record. Please take your seat.